शोभा करांदलाजे

SHOBHA KARANDLAJE

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
श्रम एवं रोजगार और
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
भारत सरकार

Minister of State For
Labour & Employment and
Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India

संदेश

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर आप सभी को मेरी बहुत–बहुत शुभकामनाएं।

संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को भारत संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी को अपनाया था। उसी समय से प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

आज हम सभी गर्व के साथ राजभाषा हिंदी दिवस मना रहे हैं। हिंदी हमारी पहचान का अटूट हिस्सा है, जो न केवल हमारे विचारों और भावनाओं को व्यक्त करती है, बल्कि देश की विविधता में एकता की भावना को प्रबल करती है। हमारी भाषा हमारी पहचान होती है और यही हमें परिभाषित करती है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सभी अंतर्राष्ट्रीय मंचों, वैश्विक महाशक्तियों सहित सभी विकासशील और अल्प–विकसित देशों में भारत की साख में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। आज समस्त विश्व भारत से नेतृत्व की उम्मीद कर रहा है। भारत, भारतीयता तथा भारतीय संस्कृति, वैदिक आदर्श और जीवनशैली अत्यंत लोकप्रियता अर्जित कर रहे हैं।

भारतीय संविधान के अनुसार संघ सरकार का यह दायित्व है कि वह हिंदी भाषा का प्रचार– प्रसार बढ़ाए और आने वाली पीढियों को इसके प्रति जागरूक करे। हम सभी को मिलकर हिंदी को समृद्ध बनाने के लिए काम करना चाहिए, ताकि यह आने वाले समय में भी उतनी ही प्रासंगिक और जीवंत बनी रहे। हमें सामाजिक और सरकारी काम–काज में हिंदी के सरल एवं आम बोल– चाल के शब्दों का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए ताकि सरकार की कल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके।

मैं आशा करती हूँ कि मंत्रालय और इसके नियंत्रणाधीन कार्यालयों के सभी अधिकारी और कर्मचारी सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे और अपने संवैधानिक दायित्व का पालन करेंगे।

जय हिंदी, जय भारत।

शोभा करांदलाजे

(शोभा करांदलाजे)

कार्यालय : 112, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली–110001 टेली. : 011-23720013 ई–मेल : mos.shobha@gov.in
Office : 112, Shram Shakti Bhawan, New Delhi-110001 Tel. : 011-23720013 E-mail :mos.shobha@gov.in
कमरा सं. 133, उद्योग भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली–110011 टेली. : 011-23061258, 23063142, फैक्स : 011-23010324, ई–मेल : mos-msme@gov.in
Room No. 133, Udyog Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110011 Tel. : 011-23061258, 23063142, Fax : 011-23010324, E-mail : mos-msme@gov.in